अखिल भारतीय विशा नागर समाज का मुखपत्र

(त्रैमासिक E समाचार पत्र)

# नागर दर्पण

ABVNVS

* अध्यक्ष – प्रमोद नागर * संपादक – प्रबोध पारिख * सचिव – डॉ. निलेश नागर

वर्ष -1 * अंक - 2 अक्टूबर से फरवरी 2023 * पृष्ठ - 16

## श्री विशानागर वणिक समाज की कार्यकारिणी की बैठक

## ऐतिहासिक दिन





उदयपुर समाज ने कमाल कर दिया, इतिहास रच दिया। अखिल भारतीय श्री विशानागर वणिक समाज की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन आर्बिट रिसोर्ट न्यू भूपालपुरा, उदयपुर में सम्पन्न हुआ। बैठक में भाग लेने हेतु कोने कोने से समाज के प्रतिनिधियों का आना 5 नवंबर की संध्या से ही प्रारंभ हो गया था। सदस्यों के रहने, नहाने, धोने, खाने–पीने, सोने की अति सुन्दर व्यवस्था उदयपुर समाज के अध्यक्ष,सचिव महोदय व संस्था की कार्य कारिणी सदस्यों के मार्गदर्शन में आर्बिट रिसोर्ट में किया गया। सर्वप्रथम रिसोर्ट के हाल में कार्यकारिणी की बैठक हेतु सुन्दर व्यवस्था की गई। बैठक श्री जी चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन व सामूहिक रूप से मंगलाचरण के साथ प्रारम्भ हुई। गजब की आत्मीयता,आवभगत, मान सम्मान सदस्यों का पाग पहनाकर,शाल उपरना ओढ़ाकर,मोमेंटो भेंट कर घणी खम्मा के साथ भाव भीना स्वागत किया गया। बैठक में नागर समाज की ई–पत्रिका का विमोचन संस्था के अध्यक्ष श्री प्रमोदजी नागर व उदयपुर समाज के अध्यक्ष श्री जयन्ति भाई द्वारा किया गया। बैठक 6–7 जनवरी 2024 श्रीनाथद्वारा में युवा सम्मेलन कर प्रतिभावान युवाओं का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। दोपहर में राजस्थानी







स्वाद युक्त स्वादिष्ट लजीज सुन्दर भोजन परोसा गया।

दोपहर पश्चात अ.भा.समाज की कार्यकारिणी के साथ उदयपुर समाज की कार्यकारिणी व संरक्षक सदस्यों के साथ साथ मातृशक्ति ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में अ.भा.समाज के अध्यक्ष महोदय ने संस्था की आज तक की गतिविधियों से अवगत कराया व 6 –7 जन.24 में होने वाले युवा सम्मेलन की जानकारी दी। आपने बताया कि इस युवा सम्मेलन के संयोजक श्री अशोक भाई, नाथद्वारा होगे। उदयपुर समाज के सदस्यों व महिलाओं ने बैठक में निर्धारित अति सुन्दर वेशभूषा व उत्साह उमंग के साथ भाग लिया। बैठक के अंत में संस्था के उपाध्यक्ष श्री प्रबोध पारिख ने उत्तम व्यवस्था के लिए उदयपुर समाज की कार्यकारिणी व संरक्षक सदस्यों माताओं बहनों व आर्बिट रिसोर्ट का आभार माना। साथ ही उदयपुर समाज की ओर से श्री सुनीलजी पारिख ने उदयपुर में बैठक रखने व पधारने पर आभार व्यक्त किया।

श्री जयन्तिभाई व सुनीलभाई ने अंत में सभी सदस्यों को समाज की धरोहर नवनिर्मित श्री जी भवन, हिरण मगरी की विज़िट करवाई। सदस्यों ने सुन्दर भवन की बधाई दी व उदयपुर समाज के उत्तरोत्तर यश कीर्ति की कामना की। दिनभर में हुवे कार्यक्रमों की मीठी मीठी यादों के साथ आत्मीय विदाई हुई।








**पुष्टिमार्गीय संप्रदाय की तीसरी गादी के विद्वान आचार्य आदरणीय, प्रातः स्मरणीय, कुलभूषण,वल्लभ कुल शिरोमणि, कांकरोली नरेश, राजाधिराज, पूज्य पाद गोस्वामी 108**

# श्री बृजेशकुमार जी महाराजश्री का नित्य लीला में प्रवेश




पुष्टिमार्गीय संप्रदाय की तीसरी गादी के विद्वान आचार्य आदरणीय, प्रातः स्मरणीय, कुलभूषण,वल्लभ कुल शिरोमणि, कांकरोली नरेश, राजाधिराज, पूज्य पाद गोस्वामी 108 श्री बृजेशकुमार जी महाराज श्री के सोमवार दिनांक 27 फरवरी 23 को नित्य लीला में प्रवेश से सम्पूर्ण अखिल भारतीय श्री विशा नागर समाज (वैष्णव सम्प्रदाय) स्तब्ध है ।

आप श्री संगीत के पारंगत एवं चित्रकार पूज्यपाद गोस्वामी 108 श्री ब्रजभूषण लाल जी महाराजश्री के बड़े पुत्र हुए। आपश्री पुष्टि सम्प्रदाय के प्रकांड विद्वान, विचारक व तेजस्वी आधार स्तंभ रहे है। आपश्री ने जीवन पर्यंत ठाकुर जी की सेवा के साथ साथ वैष्णवों के हितार्थ ही कार्य किये हैं ।

आप वैदिक एवं भक्ति परंपरा के अथाह ज्ञानी हुए आप श्री को चारों वेद, उपनिषद, ब्रह्मसूत्र, पुराणों, श्रीमदभागवत गीता जैसे सनातन हिंदू धर्म की अतुलनीय जानकारी रही। आपश्री ने संस्कृत भाषा में अगणित स्रोत एवं हजारों श्लोक की रचना की। आपने संप्रदाय के अनेक ग्रंथों पर भाष्य एवं टीका की। आपके माथे पूरे देश के 132 मंदिर/हवेली की सेवा रही, जिसकी अधिपति के रूप में सुंदर व्यवस्था दी। भारत की पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा पाटिल द्वारा आपको सन 2011 में ब्रह्मर्षि की उपाधि से सम्मानित किया गया। आपको वैकुंठ गमन की अंतिम यात्रा के समय यमुनाष्टक के पाठ व श्रीकृष्णः शरणम मम की धुन के साथ विदाई दी गई। नागर समाज द्वारा अनेक शहरों में प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई। अखिल भारतीय श्री विशा नागर समाज (वैष्णव समाज) अपनी भावान्जलि भाव प्रकट करते है एंव यही मनोकामना करते है की अलौकिक रूप से आपश्री के शुभ-आशीर्वाद की बरसात हम सब वैष्णवों पर हमेशा होती रहेगी। श्री प्रभु हम सभी को पुज्यश्री का विरह सहन करने की शक्ति दे, यही अभ्यर्थना।

# भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र जी मोदी द्वारा पूज्यपाद गो 108 श्री ब्रजेश कुमारजी महाराज श्री के लीला में पधारने पर पूज्यपाद गो 108 डॉ श्री वागीशकुमारजी महाराज श्री को भेजा गया शोक पत्र



सत्यमेव जयते
प्रधान मंत्री
Prime Minister

નવી દિલ્હી
૧૧ ફાલ્ગુન, શક સંવત ૧૯૪૪
૦૨ માર્ચ, ૨૦૨૩

સ્નેહી ડૉ. વાગીશકુમારજી,

ગોસ્વામી વ્રજેશકુમારજી મહારાજના નિધનના સમાચાર જાણી ઘણું દુઃખ થયું.


તેમણે નવધા ભક્તિસૂત્ર અને ધર્મ પરંપરાના ઉપદેશ દ્વારા વૈષ્ણવ સંપ્રદાયને દિશા આપવાનું કાર્ય કર્યું. તેઓ સંસ્કૃતના પ્રકાંડ વિધ્વાન હતા તેમજ ગાયન, વાદન અને ચિત્રકળામાં નિષ્ણાત હતા. પુષ્ટિમાર્ગ માટે સ્તોત્રોની રચના તેમનું બહુમુલ્ય પ્રદાન છે. તેમની વિદાયથી વૈષ્ણવ સંપ્રદાયને મોટી ખોટ પડી છે. સમગ્ર પરિવાર અને વિશાળ ભક્ત સમુદાયને દિલસોજી.

ઈશ્વર સદ્ગતના આત્માને શાંતિ અર્પે એવી પ્રાર્થના.

(નરેન્દ્ર મોદી)

Dr. Vagish Kumar Ji
Bethak Mandir
Kevda Baug
Vadodara
Gujarat

## पद्मश्री, पद्मभूषण आदरणीय श्री बालकृष्ण विट्ठलदासजी दोशी का श्रीजी शरण



*विश्व के आर्किटेक्ट के नक्शे पर जगमगाता नागर समाज का एक तारा आज अस्त हुआ। अहमदाबाद निवासी श्री बालकृष्ण विट्ठलदासजी दोशी (95) पूरी दुनिया आपका सम्मान करती हैं आप नागर समाज के गौरव हो। आप 2002 मे अ भा विशा नागर समाज के वार्षिक अधिवेशन मे मुख्य अतिथि रहे, रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स संस्था के अध्यक्ष साइमन अल्फोर्ड ने अहमदाबाद में आपके आवास पर पहुंचकर विश्र्व के सर्वोच्च प्रतिष्ठित पुरस्कार रॉयल गोल्ड मेडल 22 से सम्मानित किया गया था। आर्किटेक्चर के लिए यह पुरस्कार विश्र्व के सर्वोत्तम पुरस्कार में से एक हैं। आदरणीय दोशीजी आप आज तक पद्मश्री, पद्मभूषण व देश दुनिया के कई पुरस्कारो से सम्मानित हो चुके हैं, आज ऐसे व्यक्तित्व को हमने खो दिया है, परम भगवदीय वैष्णव, परम आदरणीय श्री बालकृष्ण विट्ठलदासजी दोशी के श्रीजी शरण का समाचार जानकर अत्यंत दुख हुआ । पुरा नागर समाज स्तब्ध है समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है, आत्मा अजर,अमर,नश्वर है। हम श्री अखिल भारतीय विशा नागर समाज़ की और से श्रद्धा-सुमन अर्पित करते है और प्रभु से प्रार्थना करते है की उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं आप को व पूरे परिवार को दुख की इस घड़ी में परमेश्वर अपूर्णिय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अनेक शहर के गणमान्य जनों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से श्री दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*

## समाचार जगत

# पूना श्री विसावड नागर महाजन संस्था के चुनाव सम्पन्न



पूना स्थित श्री विसावड नागर महाजन संस्था, 817, रविवार पेठ, पूना का चुनाव वर्ष 2022 से वर्ष 2027 तक के लिए दिनांक 26 जुलाई 2022 को संपन्न हुआ जिसमें नीचे अंकित निम्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

1) श्री चंदूभई गोपालदास सुगंधी, अध्यक्ष, 9822407477

2) श्री अनिल विठ्ठलदास सुगंधी, उपाध्यक्ष 9850470489

3) श्री सतीश दुल्लभदास शहा, सचिव 9422031927

4) श्री मयूर ठाकोरदास शहा, खजिनदार 9822029681

5) श्री सुभाष गिरिधरदास इंदापुरकर, वाडा वहिवाटदार 7775830343

6) श्री दीपक वल्लभ गुजर सदस्य 9372835780

7) श्री देवेंद्र कन्हैयालाल नेवासकर, सदस्य 9822028098

# पूना में दस दिवसीय नवरात्रि 2022 महोत्सव





श्री विसावड नागर महिला मंडल पर्ल ग्रुप द्वारा नवरात्रि के अवसर पर दस दिवसीय गरबा और रासोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार दिनांक 26/09/2022 से बुधवार दिनांक 05/10/2022 तक आयोजित किया गया। समाज की सभी महिलाओं ने गरबे का आनंद लिया । घटस्थापना से कोजागिरी पूर्णिमा तक गरबा, सत्संग, सलाद डेकोरेशन, संगीत तंबोला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भोंडला, एक मिनट अवसर के खेल, मराठी वेशभूषा और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम को श्री विसावड नागर महाजन संस्था के विश्र्वास्तोने आर्थिक मदद की । रविवार दिनांक 09/10/2022 के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिलाओं का समूह गरबा और अल्पाहार का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें समाज के सभी लोगों भाग लेकर आनंद लिया।





# परिचय सम्मेलन पुणे मे संम्पन... एक सफल प्रयास

प्रभु श्री श्रीनाथजी की असीम कृपा से रविवार दिनांक 20/11/2022 को श्री विसावड नागर महाजन संस्था, 817 रविवार पेठ पूना में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन के प्रमुख आयोजक श्री दीपक वल्लभ गुजर थे। आयोजन में अहमदनगर, औरंगाबाद, सातारा, सांगली, मिरज, कोल्हापुर, पूना, उदयपुर, इंदौर, मध्यप्रदेश, बुरहानपुर और अन्य शहरों के लगभग 175 से ज्यादा युवक-युवतियों, उनके माताजी और पिताजी ने सहभाग लिया था। कार्य सम्मेलन की शुरुआत सुबह 11: 00 बजे दीप प्रज्वलन प्रमुख अतिथि और मुख्य संयोजक के हाथों से करके शुरू हुई। मंगलाचरण सौ. वंदनाबेन श्रीकांत दलाल और सौ. विद्याबेन मिलिंद श्रॉफ ने अपनी मधुर आवाज में पेश किया। श्री दीपक वल्लभ गुजर, प्रमुख आयोजक ने सभी लोगों का स्वागत अपने स्वागतीय भाषण में किया। प्रमुख अतिथि का परिचय श्री दीपक गुजर ने दिया। न्यायमूर्ति दीपक कश्यप जी ने बी. कॉम., एस. बी. कॉलेज औरंगाबाद, एल.एल.बी., मानिकचंद पहाड़े विधि महाविद्यालय औरंगाबाद से किया।



श्री कश्यप जी एलएलबी की इम्तिहान में विद्यापीठ में पांचवें स्थान पर थे। उन्होंने एल. एल. एम. की परीक्षा डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विद्यापीठ औरंगाबाद से उत्तीर्ण की। स्वामी रामानंद तीर्थ विद्यापीठ से डिप्लोमा इन साइबर लॉ किया। बाद में मुंबई उच्च न्यायालय से श्री कश्यप जी ने मेडिएटर का ट्रेनिंग लिया। श्री दीपक कश्यपजी ने व्यावसायिक, वैवाहिक और घरेलू मामलों के बारों में न्यायदान देने के लिए बहुत बड़ी भूमिका निभाई। 1997 से 2001 तक श्री कश्यप जी औरंगाबाद उच्च न्यायालय में वकालत करते थे। 2001 से वे महाराष्ट्र न्यायाधिकरण, कनिष्ठ स्तर (Junior Division) और जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास तरीके बिड में कार्यरत थे। 2011 मे श्री कश्यप जी को सिविल जज सीनियर डिविजन एंड चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट की पदोन्नति मिली। उन्होंने बीड परभणी संगमनेर बुलढाणा और मुंबई में न्यायाधीश तरीके काम किया है। अभी श्री. कश्यप जी 14 वे जिला न्यायाधीश और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पूना में कार्यरत है। न्यायमूर्ति कश्यप जी ने अपने भाषण में विवाह क्यों करना चाहिए, विवाह करने से क्या फायदे होते है, जीवन में गति कैसे मिलती है, समाज में सुरक्षा कैसी प्रदान होती है और हिंदू धर्म में सोलह संस्कार में से विवाह का क्या महत्व है इसके ऊपर बहुत अच्छी तरह से संभाषण दिया। आखिर में उन्होंने जीवन में गति चाहिए तो विवाह करने की आवश्यकता क्यों है इसके ऊपर अपने विचार प्रकट किए। सभी लोगों ने ध्यान से उनका संभाषण सुना।

इसके बाद श्री दीपक वल्लभ गुजर प्रमुख आयोजक ने सम्मेलन आयोजित करने की भूमिका स्पष्ट की। दीपक गुजरजी ने अपने भाषण की शुरुआत में रविवार दिनांक 20 नवंबर 2022 का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज उत्पत्ति एकादशी है। एकादशी अपनी माता उत्पत्ति की पूजन करती है। आज आलंदी में कार्तिक एकादशी के कारण भावीकों की बड़ी यात्रा होती है। श्री दीपकजी ने डिजिटल माध्यम से दिया गया हुआ आमंत्रण स्वीकार करते, हाजिर हुए सभी लोगों का स्वागत किया और बहुत आनंद व्यक्त किया। अपने भाषण में श्री दीपक जी ने आगे कहा की अपना समाज, जो बिखरा हुआ है वह एकजुट होना चाहिए। अपने समाज के युवक-युवतियों बहुत पढ़े है। अच्छी जगह पर नौकरी





कर रहे हैं। कुछ युवक व्यवसाय कर रहे हैं। अपने पांव पर खड़े हुए हैं। विवाह के लिए 3 बिंदु लगते हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता, अपनी आय, और तीसरा बिंदु अपना घर रहता है । दीपक जी ने आगे कहा कि लड़की वाले लड़के वालों को उनका बेटा कितना पढ़ा है और कितना कमाता है यह जानने के लिए परेशान है। लड़के वाले जो कहते हैं उनके ऊपर ही विश्वास रखना पड़ता है। लड़के वालों को भी लड़की कितनी कमाती है और कितनी पढ़ी है इसके ऊपर जो लड़की वाले कहते हैं उसके ऊपर ही विश्वास रखना पड़ता है। दोनों को बड़ी मुश्किल से सच क्या है बाद में ही पता चलता है। अपने लगभग 33 साल नौकरी, सामाजिक सेवा और अन्य सेवा में काम कर करते हुए श्री दीपक जी को यह ज्ञात हुआ। इसीलिए उन्होंने अपने अनुभव से सभी युवक और युवतियों के पास से इनकम टैक्स रिटर्न 2021-2022 की एक्नॉलेजमेंट स्लिप और डिग्री सर्टिफिकेट मांगा था। उन्होंने यही स्पष्ट किया कि अभी नई पीढ़ी के युवक और युवतियों को विवाह करते वक्त पारदर्शिता चाहिए । यह लोग कुछ छुपा नहीं सकते। विवाह के लिए विश्वास और प्रामाणिकता दोनों की बहुत जरूरी होती है। विश्वास और प्रामाणिकता एक सिक्के की दो बाजू है। अंग्रेजी में कहते हैं Faith and Honesty are two sides of the same coin विश्वास और प्रामाणिकता आईना जैसा रहता है। एक बार विश्वास और प्रामाणिकता टूट गया तो फिर से जोड़ना मुश्किल रहता है ।

इसलिए विवाह में पारदर्शिता बहुत बहुत महत्वपूर्ण है। बाद में श्री दीपक जी ने सभी माताओं को विनंती की, कि अपना लड़का या अपनी लड़की को कम से कम तीन महीने तक रसोई घर में खाना पकाने का ट्रेनिंग देना चाहिए। पिताजी ने बाहर की दुनिया में जो चैलेंजेस होते हैं उनका सामना कैसे करने का इसकी ट्रेनिंग देना चाहिए। आखिर में श्री दीपक जी ने सभी माता-पिता और युवा -युवतियों को एक आश्वासन दिया कि उन्होंने जो जानकारी दी है उसकी गोपनीयता वह रखेंगे। वह जानकारी का दुरुपयोग नहीं करेंगे। इसके बाद प्रमुख अतिथि श्री दीपक कश्यप जी के हाथ से युवक-युवती के परिचय पुस्तक का विवरण किया गया।

सम्मेलन में आए हुए सभी युवक और युवती को यह परिचय पुस्तक का वितरण किया गया। बाद में सभी माता -पिता , युवक-युवती और अन्य लोगों का परिचय आमने-सामने किया गया। भोजन होने के पश्चात दूसरे सत्र में युवक के माता - पिता, युवती के माता-पिता , कुछ युवक और युवतियों अपने विचार प्रकट किए। सभी लोगों ने कहा कि यहां हमें दूध का दूध और पानी का पानी मिल गया। इसके बाद हम विवाह के वक्त अच्छी तरह से जानकारी लेंगे। विवाह होने के बाद जो फंस जाने का डर था वह निकल गया। हम सभी में एक आत्मविश्वास जाग्रत हुआ। कुछ लोगों ने अपने विचार गुजराती में, हिंदी में, अंग्रेजी में, और मराठी में व्यक्त किए। उपस्थित सभी लोग खुश हो गए। उन्होंने श्री दीपक वल्लभ गुजर जी को बहुत-बहुत बधाई दी और आशीर्वाद दिया। राष्ट्रगीत गायन से इस परिचय सम्मेलन का समापन हुआ।

# महिला मंडल मंदसौर का दीपावली मिलन समारोह



श्री विशा नागर वणिक पारिख महिला मंडल मंदसौर द्वारा इस वर्ष दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें पारिख महिला मंडल की सभी बहनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का आरम्भ मंगलाचरण व यमुनाष्टकजी के पाठ से हुआ तत्पश्र्चात हाऊजी गेम खिलाया गया। महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा मुकेशजी पारिख व कोषाध्यक्ष श्रीमती हेमा सुरेश जी पारिख ने गेम करवाये । पुष्टिमार्ग से सम्बंधित एक गेम सचिव श्रीमती सरिता विजय जी पारिख ने करवाया। सभी बहनों ने गेम में उत्साह उमंग के साथ भाग लिया व पुरुस्कार प्राप्त किये। इसके पश्चात सभी ने मिलकर सहभोज का आनंद लिया। हमारा मंदसौर महिला मंडल बहुत सक्रिय है प्रत्येक कार्यक्रम में हमें भरपूर सहयोग मिलता है हम उनके प्रति बहुत बहुत आभार व धन्यवाद प्रकट करते है ऐसे ही हमारा साथ बना रहे ।



# वाराणसी में सत्संग का आयोजन



प्रत्येक माह की भांति इस बार महिला मंडल के सत्संग का आयोजन श्रीमती वर्षा राजेन्द्र पारिख निवासी (मुम्बई / बनारस) द्वारा सभा भवन रामघाट पर सम्पन्न हुआ बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने सत्संग का लाभ लिया।

# उदयपुर में शरद उत्सव का आयोजन



उदयपुर समाज द्वारा दिनांक 6.10.2022 को समाज भवन में भव्य शरद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष से ऊपर करीब 13 वरिष्ठजन (पुरुष एवं महिलाएं) का समाज अध्यक्ष व सचिव द्वारा उपरना, शाल व स्मृति चिन्ह दे स्वागत व सम्मान किया गया। तत्पश्चात समाज का भव्य गरबा रास का आयोजन भी किया गया। बाद में भव्य भोज का आयोजन हुआ। अन्त में सचिव यशवन्त (सुनील) द्वारा सभी का आभार जताया गया।

## खेलकुद प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित



राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में मंदसौर के छात्र, छात्राओं द्वारा अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपने अपने आयु वर्ग में गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल प्राप्त किया । बालक वर्ग में 1) प्रियांश सुधीरजी तुलसीदासजीवाला, की टीम ने गोल्ड मेडल एवम बालिका वर्ग में 2) महक निलेशजी डोसी एवम 3) निकिता राकेशजी पारखजीवाला द्वारा सिल्वर मेडलजीत कर यह उपलब्धि प्राप्त की गई। मंदसौर समाज की ओर से सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मंदसौर समाज इनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

### शुभ विवाह

## सौ.का. काजल - चि.अंकित शुक्ला



मन्दसौर निवासी सौ.रेखा-प्रवीणजी नागर की सुपुत्री सौ.का. काजल का शुभ विवाह, मंदसौर निवासी सौ.सुधा ओमप्रकाशजी शुक्ला के सुपुत्र चि.अंकित शुक्ला के साथ दिनांक 14 दिसंबर 2022 को संपन्न हुआ । इनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

# समाज की प्रतिभा... उभरते सितारे



## पार्थ जगदीशजी कश्यप समाज के प्रथम आईपीएस अधिकारी बने

पुणे निवासी पार्थ जगदीश जी कश्यप अखिल भारतीय नागर समाज के प्रथम आईपीएस अधिकारी बने। यह संपूर्ण नागर समाज के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है आज पूरा नागर समाज पार्थ जी को लेकर अभिभूत है, गौरवान्वित है। पार्थ




कश्यप जी ने 22 साल के उम्र में यूपीएससी परीक्षा पास होते हुए आईपीएस की पोस्ट हासिल की। उनका All Over India Ranking (-IR) 174 है. अभी वह हैदराबाद में नॅशनल पुलिस अकेडमी में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रहे है। आईपीएस का ट्रेनिंग के साथ उन्हें 'ओडिसा' में पोस्टिंग के लिए भी चुना गया है। ट्रेनिंग के पश्यात वे एडिशनल सुप्रिटेंडेंट ऑफ पोलिस अथवा एडिशनल कमिश्नर के तौर पे जॉइन होंगे। साथ ही वह आयएएस के लिए भी प्रयास कर रहे है। ग्रेज्युएशन खत्म होने के बाद उन्होंने मन बना लिया कि उन्हें आयएएस होना है। उन्होंने अपना सफर पुणे के नामांकित न्यू इंग्लिश स्कूल, रमनबाग से प्रारंभ किया। उसके बाद उन्होंने आर्ट्स में ग्रेज्युएशन फर्ग्युसन कॉलेज से पुरा किया। इसी के साथ अभी तक पार्थ ने महाराष्ट्र के कम से कम 35 गड व किलों का सफर भी तय किया है। उन्हें ट्रेकिंग का बहुत शौक है। वह पुणे में स्वरूपवर्धिनी संस्था के सदस्य के रूप मे कार्य कर चुके है। उन्होंने अपने नागर समाज का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। पार्थ अपने पिताजी श्री जगदीश जी कश्यप , माताजी सुनीता जगदीश जी कश्यप तथा बड़े भाई पियूष कश्यप और भाभी वर्षा पियूष कश्यप जी के साथ पुणे मे निवास करते है। नागर समाज के होनहार बालक अपने देश की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित कर रहे है बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई।

## सीए पराग जी पारिख



चार्टर्ड अकाउंटेंट की परिक्षा मे उदयपुर निवासी श्री दिनेश जी एवं लता जी पारिख के सुपुत्र सीए पराग जी पारिख ने एवं श्री सुदीप जी 9460401654 एवं नीता जी नागर 9461346224 के सुपुत्र सीए आयुष जी नागर व :पूना निवासी श्री नितिन जी शाह की सुपुत्री तनिष्का जी शाह तीनो को सनदी लेखाकार (सीए) का final attempt पास कर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की परीक्षा में सफलता प्राप्त होने पर बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए।

## तनिष्का नितिन शहा



पूना निवासी श्री अरुणकुमार छगनलाल शहा एवं सौ. उषा अरुणकुमार शहा की नातिन और श्री.नितीन अरुणकुमार शहा एवं सौ. दीपिका नितिन शहा की सुपुत्री तनिष्का शहा ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण`कर समाज को गौरवान्वित किया है। तनिष्का जी को और पूरे परिवार को बहुत-बहुत बधाई, अभिनंदन एवं मंगलकामनाएं ।

## सौम्या शेठ




इडर निवासी श्री राजेश नवीन चंद्र शेठ की सुपुत्री सौम्या शेठ ने कुछ माह पहले ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल हासिल किया था। 16,17,18 दिसंबर 2022 को तीन दिवसीय मिक्स मार्शल आर्ट्स की प्रतियोगिता माहेश्वरी भवन, मंदसौर में आयोजित की गयी, जिसमें नेशनल कराटे चेम्पियनशिप में, सौम्या शेठ को मंदसौर जिला पुलिस अध्यक्ष श्री अनुराग सुजानिया, मुंबई करनी सेना अध्यक्ष सुश्री आरधना सोलंकी ,मंदसौर जिला खेल अधिकारी, श्री विजय जी देवड़ा ओर मंदसौर कराटे एसोसिएशन अध्यक्ष, डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया द्वारा सौम्या शेठ को नेशनल गोल्ड मेडल ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया है। सौम्या शेठ सरस्वती शिशु मंदिर मंदसौर की छात्रा है ओर मिक्स मार्शल आर्ट्स गगन कुरील सर द्वारा कराटे शिक्षा प्राप्त कर रही है, बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए। वंदन,अभिनंदन । प्रभु से कामना करते है की सौम्या शेठ खेल जगत मे और उन्नति करें, समाज एवं परिवार का नाम रोशन करे सौम्या शेठ की यश-कीर्ति की कामना।




## महक डोसी



मंदसौर निवासी श्री निलेश जी ड़ोसी, की सुपुत्री,सेंट थॉमस हायर सेकंडरी स्कूल की विद्यार्थी महक (आयु 19 वर्ष) ने एवं श्री राकेश जी पारख जी वाला मंदसौर की सुपुत्री निकिता ने मध्य प्रदेश रोलर स्केटिंग क्लब द्वारा इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल हासिल किया साथ ही श्री सुधीर तुलसीदास जी वाला के सुपुत्र श्री को प्रियांश ने मध्य प्रदेश रोलर स्केटिंग क्लब द्वारा इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल किया। महक, निकिता एवं प्रियांश को इस उपलब्धि पर मंदसोर रोलर स्केटिंग क्लब द्वारा भी शुभकामनाये प्रेषित की गई। महक निकिता एवं प्रियांश परिवार को बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए। वंदन,अभिनंदन। हम प्रभु से कामना करते है की सभी और उन्नति करें एवं समाज एवं परिवार का नाम रोशन करे।

## मानवी नागर

इंदौर निवासी श्रीमति निशा जी व श्री मनोज गोपाल दास जी डोसी (नागर)की सुपुत्री मानवी नागर को टॉलकोटोरा स्टेडियम न्यू दिल्ली मे आयोजित टेक्वण्डो चैंपियनशिप प्रतियोगिता (मार्शल आर्ट नेशनल लेवल )की प्रतियोगिता एक गोल्ड मेडल एक कांस्य मेडल प्राप्त हुए। बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए। वंदन,अभिनंदन।

प्रभु से कामना करते है की मानवी खेल जगत मे और उन्नति करें, समाज एवं परिवार का नाम रोशन करे।

## कु. विधी मोतीवाला



आप सर्वे सदस्यों ने जणाववामा आनंद थाय छे के, आपणा समाजना कु. विधी शैलेषभाई मोतीवाला आ इंटीरियर डिज़ाइन नी परीक्षा 88% मार्क्स थी उत्तीर्ण थई डिग्री मळावी छे, आपणा आ उपलब्धी पर समाजने अभिमान छे. आ उपलब्धी पर समस्त समाज तर्फे आपणू अने आपणा परिवारना सदस्योनु हार्दिक अभिनंदन।

---

## कुशाग्र नागर




आज दिनांक 01/01/2023 अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष के प्रथम दिन नागर समाज खेल जगत मे पुनः गौरवान्वित हुआ। उज्जैन निवासी श्री अशोक कुमार जी नागर व हेमा जी नागर के पौत्र व आशीष (रोहित)- नितु जी नागर के सुपुत्र मास्टर कुशाग्र नागर 13वर्ष की अल्प आयु में उज्जैन के मिनी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा देवास मे आयोजित district match tournament (क्रिकेट प्रतियोगिता) के सेमीफाइनल मैच मे उज्जैन की और से नीमच के against खेल रहे थे और खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 242 रन बनाएं और मैन ऑफ द मैच का अवार्ड प्राप्त किया। विशानागर समाज के लिए गौरव की बात है। वर्तमान में कुशाग्र सेंट पॉल स्कूल उज्जैन में सातवीं कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं। वर्ष 2019 में उज्जैन जिले के विभिन्न शहरों में( देवास, मंदसौर , शाजापुर) क्रिकेट खेलते हुए अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया कुशाग्र के नेतृत्व में इंदौर में प्रदेश की कई टीमों के साथ खेल कर अच्छा प्रदर्शन किया इनके खेल कौशल को देखते हुए 12 वर्ष की अल्प आयु मे वर्ष 2022 मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम अंडर 14 मे एवं उज्जैन डिविजन क्रिकेट टीम में कप्तान के रूप में अंडर 14 टीम हेतु चयन हुआ था। प्रभु से कामना करते है की कुशाग्र खेल जगत मे और उन्नति करें एवं मास्टर कुशाग्र नागर के नेतृत्व में उज्जैन टीम फाइनल मे विजय हो,बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए। वंदन,अभिनंदन ।

## कुमारी वैष्णवी कापडिया



औरंगाबाद निवासी आदरणीय श्री महेंद्रभाई जी कापडिया व आनंदी बहनजी कापडिया की बिटिया कुमारी वैष्णवी कापडिया एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टीफाईड अकाउंटेंट की परिक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री प्राप्त की। बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाएं। वंदन,अभिनंदन। वैष्णवी और उन्नति करें एवं अपना, परिवार का व पूरे नागर समाज का नाम रोशन करे।

## मृण्मयी कश्यप



मृण्मयी दीपक कश्यप औरंगाबाद निवासी श्री वल्लभदास श्यामदास कश्यप एवं सौ. प्रमिला वल्लभदास कश्यप की पौत्री और पूना निवासी श्री दीपक वल्लभदास कश्यप एवं सौ. मंगल दीपक कश्यप की सुपुत्री मृण्मयी कश्यप ने B.A.L.L.B की परीक्षा मराठवाड़ा मित्र मंडल संस्था का शंकरराव विधि महाविद्यालय पूना से 80.5% First Class with Distinction, प्रथम श्रेणी से जुलाई 2022 में उत्तीर्ण की है। मृण्मयीने पूनाके सुविख्यात वकील श्री चंद्रशेखर विनायक वाकणकर के साथ जुलाई 2021 से नवंबर 2021 तक अदालत के विभिन्न अंगों का प्रशिक्षण लिया है। जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक The Association of Parents of Mentally Retarded Children, Mumbai और मई 2022 से जून 2022 तक The Bombay Vigilance -ssociation Balikashram, मृण्मयीने समाजसेवा करके अपना योगदान दिया है । फिलहाल मृण्मयी उच्च न्यायालय मुंबई के वकील श्री. अमित तुंगारे से प्रशिक्षण ले रही है और जिंदाल ग्लोबल विश्वविद्यालय हरियाणा से L.L.M. की पढ़ाई Corporate and Financial Law and Policy में कर रही है। ऐसी चारों दिशाओं में काम करने वाली मृण्मयी पर संपूर्ण नागर समाज को अभिमान है ,और गौरवान्वित करने वाला परमोच्च परिणाम है। मृण्मयी जी को और पूरे परिवार को बहुत-बहुत बधाई, अभिनंदन एवं मंगलकामनाएं ।

## नित्या गोठी



उदयपुर समाज के सबसे वरिष्ठ सदस्य आदरणीय श्री मदन लाल जी पारख के पड़पौत्री, श्री महेंद्र जी पारख के पौत्री, दिव्या जी व अंकित जी की सुपुत्री नित्या गोठी 7 वर्ष की आयु मे ब्रेनोब्रेंन महाराष्ट्र रिजन मे प्रथम लेवल abacus का गोल्ड मेडल प्राप्त कर के उदयपुर नागर (पारख) समाज को व परिवार को गौरवान्वित किया। नित्या गोठी को बधाई एवं मंगलकामनाए।

## माही



अंतरराष्ट्रीय केन्सर जागरूकता दिवस पर नाथद्वारा निवासी श्री अशोक भाई जी व मीना भाभी जी की पोती व भाई दिपेश जी परिख की लाड़ली बिटिया माही ने छोटी सी उम्र में कमाल कर दिया, समाज को गौरवान्वित कर, सहृदयता का परिचय दिया। नारी जाति को सबसे ज्यादा प्यार लगाव अपने सुन्दर बालों से होता हैं,उन्ही बालों को माही ने उस केंसर पीड़ित जिसे बालों की आवश्यकता थी,उसके जल्दी स्वस्थ होने की कामना के साथ माही पारिख ने अपने बालों को कैंसर पीड़ित को दान देकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। माही को इस उत्कृष्ट मानव सेवा कार्य के लिए जेडीसिए एंड जिनहल् फाउंडशन उदयपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया यह नागर समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। सुश्री माही गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित होने वंदन,अभिनंदन। बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए।

## सिद्धांत टोलवाला



हैदराबाद निवासी श्री रूपेश टोलवाला के पुत्र सिद्धांत ने जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी हैदराबाद से BTech(CSE) प्रथम श्रेणी में Distinction साथ उतीर्ण की वंदन,अभिनंदन । बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामनाए। सिद्धांत के यश-कीर्ति व उज्ज्वल भविष्य की कामना।

## पीडी नागर को बधाई



अ.भा.श्री विशानागर वणिक समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष आदरणीय पीडी नागर साहेब जी को आल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर द्वारा दिनांक 6/01/2023 को डाईरेक्ट टैक्स रिप्रेजेंटेशन कमेटी ऑफ आल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर हेतु वर्ष 2023 के लिए मनोनीत किया गया। वंदन,अभिनंदन। बधाई एवं मंगलकामनाएं।

## मधुरा अतुल बार्शीकर



पूना निवासी श्री कमलेश कृष्णदास बार्शीकर एवं सौ. उषा कमलेश बार्शीकर की पौत्री और श्री. अतुल कमलेश बार्शीकर एवं सौ. चित्रा अतुल बार्शीकर की सुपुत्री मधुरा बार्शीकर ने B.E. (ETc) SPPU University, CGP- Score 8.33, First Class with Distinction, प्रथम श्रेणी, जुलाई 2021 में उत्तीर्ण की है। उनकी B.E. अनुसंधान परियोजना उपग्रह गति स्थिरीकरण पर थी। मधुरा ने एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में उसी पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पत्र प्रस्तुति का पुरस्कार मिला है। मधुरा को शतरंज खेलने का बहुत शौक है और उसने पूना विश्वविद्यालय में आंतरमहाविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। मराठवाड़ा मित्रमंडल महाविद्यालय, पूना में मधुराने शतरंज प्रतियोगिता में परीक्षक और मार्गदर्शक तरीके से काम किया है। मधुरा आधिकारिक भारतीय राजदूत हैं और ज्योतिर्विद्या परीसंस्था की सभासद है। मधुरा ने तीन साल स्वयंसेवक तरीके काम किया है। उन्होंने विज्ञान प्रसार में रेडियो तरंगों पर शोध पत्र प्रकाशित किया है । खगोलशास्त्र में मधुरा ज्यादा रुचि रखती है। उन्होंने श्रीहरिकोटा से चंद्रयान 2 के प्रक्षेपण को अपनी आंखों से समक्ष हाजिर होकर देखा है और झेनिथ खगोलशास्त्र संस्था की अध्यक्ष तरीके से काम किया है। मधुरा ने अपने समूह के सदस्यों के साथ आई.आई.टी. दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की रोबोकॉन प्रतियोगिता में, अखिल भारतीय स्तर पर 8 वी श्रेणी प्राप्त की थी। मधुरा ग्राम विभाग के छात्राओं जो शिक्षा से पीछे हैं ,उनके लिए प्रोत्साहनपूर्वक, अध्यात्मपूर्वक और स्फूर्तिदायक व्याख्यान देकर समाजोपयोगी काम कर रही है। फिलहाल मधुरा पूना के प्रतिष्ठित सरकारी महाविद्यालय, COEP में वायर्ड और वायरलेस कम्युनिकेशन में Master of Technology (MTech) के लिए आगे पढ़ाई कर रही है। ऐसी चारों दिशाओं में काम करने वाली मधुरा पर संपूर्ण नागर समाज को अभिमान है और गौरवान्वित करने वाला परमोच्च परिणाम है। मधुरा जी को और पूरे परिवार को बहुत-बहुत बधाई, अभिनंदन एवं मंगलकामनाएं ।


# श्रीनाथजी धाम नाथद्वारा नागर भवन

## अग्रिम बुकिंग हेतु संपर्क कर सकते है

9079700471, 8875715596, 76898 39451

mailnagarbhawannathdwara.in * bhawannagarntdgmail.com

* https://nagarbhawannathdwara.in

सीनियर सिटीजन हेतु विशेष सुविधा नागर भवन नाथद्वारा में सीनियर सिटीजन के आवागमन हेतु दो ई रिक्शा उपलब्ध की गयी है। यह सुविधा श्रीनाथजी मंदिर दर्शन हेतु नागर भवन से मोती महल तक आवागमन के लिए निशुल्क प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी, यह सुविधा सिर्फ सीनियर सिटीजन हेतु रहेगी।




**नोट : सभी वैष्णव नागर भवन में ठहरने के पश्चात बिल उसी समय काउण्टर से ले लेवें । यदि काउंटर पर यह कहते हैं कि बिल बाद में भेज दिया जाएगा तो उस स्थिति में भवन के ट्रस्टियों से संपर्क करें। कोई भी शिकायत हो तो व्हाट्सएप नं. 9079700471 , 9829096124 पर भेजें।**

## श्री विशा नागर वणिक समाज भवन ट्रस्ट नाथद्वारा (नागर भवन)

**पंजाब नैशनल बैंक A/C नम्बर :06072010005290 IFS कोड : PUNB0060710**

TALLY FOR GST

INSTITUTE OF Tally LEARNING ®

Tally Prime

Marg The Business Backbone

Marg ERP 9+

**SACHIN PARIKH**

**M 9977077321, 7693894045**

आस्था व विश्वास का घर अपना घर बालिका गृह

IT Incharge

# TALLY INSTITUTE OF LEARNING

**Tally Authorised Training Center**

SALES I EDUCATION I SUPPORT

जॉब मिलता है अनुभव और स्कील से

**Online Tally Exam with Certificate**

**JOB READY WITHIN 3 MONTHS**



**SACHIN PARIKH**
**M.9977077321,7693894045**

100% PRACTICAL & SATISFACTION

100% JOB GUARANTEE

| COURSES | DUTRATION | FEES |
|---|---|---|
| Internet, Email & Net Banking | 5 Days | 500/- |
| English Typing | 5 Days | 500/- |
| Hindi Typing | 10 Days | 1000/- |
| MS Word | 30 Days | 2000/- |
| MS Excel | 30 Days | 2000/- |
| Design (Corel Draw+Pagemaker) | 30 Days | 5000/- |
| Hardware Networking | 60 Days | 10000/- |
| Tally Prime (Level-1) Basic | 30 Days | 5000/- |
| Tally Prime (Level-2) GST | 60 Days | 5000/- |
| Tally Prime (Level-3) Income Tax | 90 Days | 5000/- |
| Tally Guru | 180 Days | 20000/- |

# BALAJI ACADEMY & SOLUTIONS




# राजेश पारिख को बेस्ट सेल्स का अवार्ड

मंदसौर के पारख ब्रदर्स को मिला बेस्ट सैलस का अवार्ड कोलंबो श्रीलंका होटल ताज  में आयोजित नैरोलैक पेंट्स की ऑल इंडिया डीलर मीटिंग में मंदसौर के पारख ब्रदर्स के राजेश पारिख को बेस्ट सैलस का अवार्ड से नवाज़ा गया, पारख ब्रदर्स 1966 से संचालित है और ग्राहकों को सदैव सच्चे भाव पर पेंट्स प्रदान करवाते आ रहे हैं यही वजह है जिससे उन्हें मिला है ग्राहकों का इतना प्यार और विश्वास और अब यह सिर्फ मध्य भारत तक सीमित नहीं है मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ मे पारख ब्रदर्स ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

## श्रद्धांजलि... बहुत याद आएंगे

### श्री कृष्णादासजी टोपीवाला



श्री गोविंददास एवं रविंद्रकुमार टोपीवाला के पिताजी एवं हेमंत और सचिन टोपीवाला के दादाजी  श्री कृष्णादास जी छगनलाल टोपीवाला का श्रीजी शरण  दिनांक 06/01/2023 शुक्रवार को हो गया है । उठवाना दिनांक 08/01/2023 रविवार को नागर वाडी बुरहाँपुर पर रखा गया।

शोकाकुल : गोविंददास टोपीवाला 6265358469, रविंद्रकुमार टोपीवाला 9827370495, हेमंत , 9826615372, सचिन 9827908942, निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास , प्रतापपुरा बुरहानपुर

### श्रीमती कमलाबाई गुजराथी



अहमदनगर, निवासी स्व.नवनितदास गुजराथी की धर्म पत्नी एवं नरेंद्र भाई गुजराथी की माताजी, समाज के परम भगवदीय वैष्णव श्रीमती कमलाबाई नवनितदास गुजराथी (आयु. 95 वर्ष) का 29/12/22 को श्रीजी शरण हो गया। निवास : समाचार प्रेस के पास लक्ष्मीबाई कारंजापास, अहमदनगर। शोकाकुल : नरेंद्रभाई नवनितदास गुजराथी 92253 25718, फर्म : जी.नवनितदास (हार्डवेयर शॉप), नरेंद्र सेल्स कॉर्पोरेशन

### माणकीबेन विठ्ठलदास शाह



बुरहानपुर निवासी श्री वीरेंद्र शाह(बाबुलाल शाह) एवं प्रवीण शाह की माताजी माणकीबेन विठ्ठलदास शाह का आज दिनांक 26/12/2022  सोमवार को श्रीजी शरण हो गया है। शोकाकुल : विरेंद्र शाह(बाबुलाल शाह), प्रवीण शाह, निवास : प्रतापपुरा (मंदिर के पास) बुरहानपुर।

### दिलीप भाई बनवारी लाल नागर



बुरहानपुर निवासी  स्वर्गीय नटवरलाल शाह एवं लीला बहन जी के सुपुत्र एवं शशांक शाह के पिताजी दिलीप नटवरलाल शाह का दिनांक 14/01/2023  शनिवार को श्रीजी शरण हो गया। शोकाकुल-शशांक शाह 915899125, मनोहर लाल जी पारिख (नासिक), हँसा पारिख (बहन), सुदीप  (उदयपुर) नीता  नागर(बहन) निवास-जाडियावाडी बुरहानपुर

### श्रीमती जानकी बेन शाह



बुरहानपुर निवासी चंद्रकिशोर जी शाह की भाभी एवं कुमन शाह जी और राजेश शाह जी की माताजी श्रीमती जानकी बेन शाह का दिनांक 15-12-2022 गुरुवार को श्रीजी शरण  हो गया। निवास वल्लभ कुंज कॉलोनी,, बहूजी महाराज मंदिर के पीछे, शिकारपुरा,बुरहानपुर। फर्म : श्रीजी ट्रेडर्स बुरहानपुर शोकाकुल : चंद्रकिशोर जीशाह, कुमन शाह  98272 98560, राजेश शाह  98277 87300

### प्रवीण भाई गोपालदास नागर



नितेश भाई नागर के पिताजी, श्री प्रवीण भाई गोपाल दास जी नागर (बुरहानपुर निवासी हाल निवास हैदराबाद) का 01/12/2022 को श्री जी शरण हो गया है। शोकाकुल : नितेश भाई नागर 93464 99778

### श्रीमती पुष्पाबेन गिरघरदास इंदापुरकर




पुणे निवासी श्रीमती पुष्पाबेन गिरघरदास इंदापुरकर का 18 /11/2022 को श्रीजी शरण हो गया है। शोकाकुल:- सुभाष गिरघरदास इंदापुरकर व परिवार 77758 30343, निवास:- 428 रविवार पेठ (मोती चौक) पुणे

## श्री वल्लभ दास जी नागर



स्व. नटवर लाल जी नागर के भ्राता, विनोद, ललित, कृष्ण कांत (गोटिया), देवेंद्र (पप्पू) एवं दिनेश नागर के बड़े भाई एवं योगेश, व योगिता के पिताजी एवं जितेंद्र राकेश, दीपक के काका जी व अमय, भाविल, निष्ठा, देवांश हिमांक के दादाजी मनीष गब्बड़ (नागर) के ससुरजी श्री वल्लभ दास जी मूलचंद जी नागर का श्री जी शरण आज 25 /1/23 बुधवार को हो गया है। शोकाकुल : विनोद नागर, 94253 47617 ललित नागर, कृष्ण कांत (गोटिया)नागर, 98935 64441 देवेंद्र( पप्पू) नागर, 99075 66103, दिनेश नागर 98272 11266

## रमणदास (मुकुंददास )जमनादास शहा



अहमदनगर निवासी रणछोडदास जी शहा एवं बालकिशन दास जी शहा के भाई व श्रीमती गायत्री उमंग पारिख (इंदौर) के पिताजी श्रीमती रेखा बहन जी के पति, भगवदीय वैष्णव आदरणीय रमणदास (मुकुंददास )जमनादास शहा जी का 18/01/2023 बुधवार को श्रीजी शरण हो गया। शोकाकुल : रंछोडदास शहा 9423756972, बाकिशनदास शाह 9158991256, श्रीमती रेखा बहन रमणदास शाह 94201 99632, गायत्री उमंग पारिख (इंदौर) 98272 58944

## श्री हरदास जी काका



बुरहानपुर निवासी रविन्द्र जी शाह भरत जी शाह के पिताश्री 88 वर्षीय मिलनसार एवम् सदा सुख दुख में साथ खड़े रहने वाले श्री हरदास जी काका (पूर्व मंडी कर्मचारी )का 23 जनवरी को प्रात: 11बजे श्रीजी शरण हो गया है। निवास : जाडियावाड़ी बुरहानपुर, रविन्द्र शाह 9827568810, भरत शाह 7999883047

## सौ. मनीषा (उषा) देवी



पुणे निवासी गिरधरदास देवी की धर्म पत्नी व प्रविण देवी, एवं प्रसन्न देवी की माताजी सौ. मनीषा (उषा ) का श्रीजी शरण 23/ 01/2023 पुणे मे हो गया है। शोकाकुल : गिरघरदास देवी, प्रविण देवी, 98900 04321, प्रसन्न देवी, देवीपरिवारनिवास : ई 04, निवांत कंडोमिनीयम, कोठारी ब्लॉक्स, बिबवेवाडी, पुणे

## श्रीमती चन्द्रकांता पारिख



उदयपुर निवासी, स्व श्री नारायण दास जी पारिख की धर्म पत्नी, उदयपुर पारिख समाज के सचिव यशवंत (सुनील )पारिख, व संजय पारिख की माताजी परम भगवदीय वैष्णव श्रीमती चन्द्रकांता पारिख (दमयंती बहन )का श्रीजी शरण आज दिनांक ,29 /12/2022 हो गया है। निवास : 28 बसंत विहार राडा जी मंदिर के सामने दूसरी गली टेकरी।

शोकाकुल : यशवंत (सुनील )पारिख, 94141 65676, संजय पारिख, 9461179820, फर्म : श्रीनाथ सैनेटरी मार्ट, 100 भागपुरा उदयपुर

## श्री नंदकुमार गिरधरदास परिख



अहमद नगर निवासी मयूर परीख के पिताजी परम भगवदीय वैष्णव श्री नंदकुमार गिरधरदास परिख का 18 /11/2022 को श्रीजी शरण हो गया है। शोकाकुल : मयूर परीख 9423792927, रुपाली बेहेन, श्रीमती हेमलता भाभी जी (धर्मपत्नी)

## बनवारीलाल नागर



बुरहानपुर निवासी स्व बनवारी लाल जी नागर (बनारस वाले) के सुपुत्र एवं कौशिक नागर और कवल नागर के पिताजी व भय्यू भाई व राजू भाई के भाई श्री दिलीप भाई बनवारी लाल नागर आज दिनाक 19/12/2022 सोमवार को प्रातः6:00 बजे श्रीजी शरण हो गया। शोकाकुल कौशिक नागर 94066 77789 कवल नागर, 70890 56107, राजू भाई, 89899 21188, भय्यू भाई 07697667104, ललित भाई , संदीप भाई, गिरधर भाई, बचा भाई, आनंद भाई, रजनीकांत भाई,पंकज भाई अनुष निवास प्रतापपुरा छोटी सब्जी मंडी के पीछे बुरहानपुर फर्म किसान पेस्टीसाइड बुराहनपुर

**हम श्री अखिल भारतीय विशा नागर समाज़ की और से श्रद्धा-सुमन अर्पित करते है और प्रभु से प्रार्थना करते है की उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं आप को व पूरे परिवार को दुख की इस घड़ी में परमेश्वर अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करें।**




स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक : अ.भा. श्री विशा नागर वणिक समाज द्वारा अध्यक्ष प्रमोद नागर, 9893043340 एवं संपादक प्रबोध पारिख, 9425327542 के द्वारा 7, छत्रपति नगर, इन्दौर से प्रकाशित एवं मुद्रक : अप्सरा फाइन आर्ट प्रिंटर्स, 89, एम.जी. रोड 98260-27300 से प्रकाशित।